# वार्षिक परीक्षा

' V '

कक्षा – ग्यारहवीं

विषय– हिन्दी

समय– 3 घंटे | पूर्णांक – 80

नोट–सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

सभी प्रश्नों पर आबंटित अंक उनके सामने अंकित है ।

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को सम्यक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो अकेला नहीं रह सकता । उसे अपनी रक्षा के लिए समाज का संगठन करना ही पड़ता है । यों तो और भी कई प्राणी है, जो अपना एक दल बनाकर रहा करते हैं, परन्तु उन प्राणियों के दल और मनुष्यों के समाज में यह भेद है कि मनुष्यों ने अपनी बुद्धि द्वारा अपने सामाजिक जीवन का निरंतर विकास ही किया है । देश, काल और अवस्था के अनुकूल उन्होंने अपने समाज में यथेष्ट परिवर्तन किए हैं और ऐसे परिवर्तन होते भी जा रहे हैं । इसी से मनुष्य समाज उन्नतिशील है और अन्य प्राणियों का दल सैकड़ों वर्षों के बाद भी अपनी स्थिति में कोई विशेष उन्नति या परिवर्तन नहीं कर सका । अपनी उन्नति के लिए एक साथ मिलकर काम करने की प्रवृत्ति से प्रेरित होकर जो दल बनाया जाता है उसी को हम समाज कहते हैं ।

प्रश्न 1) मनुष्य की सहज प्रवृत्ति कैसी है ? 2

2) अन्य प्राणियों से मनुष्य किस तरह भिन्न है ? 2

3) मनुष्य समाज को उन्नतिशील क्यों माना जाता है ? 2

4) समाज किसे कहते हैं ? 2

5) मनुष्येतर प्राणियों की सैकड़ों हजारों वर्षों बाद भी कैसी स्थिति है ? 1

6) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित (पद्यांश) काव्यांश को सम्यक पढकर पछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

बढ़ जाता है मान वीर का,
रण में बलि होने से ।
मूल्यवती होती सोने की,
भस्म यथा सोने से ।
रानी से भी अधिक हमें अब,
यह समाधि है प्यारी ।
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की,
आशा की चिनगारी ।
इससे भी सुंदर समाधियाँ,
हम जग में हैं पाते ।

उनकी गाथा पर निशीथ में,
क्षुद्र जंतु ही गाते ।
पर कवियों की अमर गिरा में,
इसकी अमिट कहानी है ।

प्रश्न 1) वीरों के सम्मान में वृद्धि कैसे होती है ? 1

2) सोने से भी मूल्यवान क्या है ? 1

3) काव्य में रानी से भी अधिक प्रिय उनकी समाधि को क्यों कहा गया है? 1

4) रानी लक्ष्मीबाई की समाधि से क्या प्रेरणा मिलती है ? 1

5) अन्य की सुन्दर समाधियाँ भी हमें क्यों नहीं आकर्षित करती हैं ? 1

6) कवियों की वाणी में क्या विशेषता होती है ? 1

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए- (कोई 1) 8

1) विद्यार्थी और अनुशासन
2) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका
3) जीवन में खेलों का महत्व
4) दहेज की बलिदेवी पर भारतीय नारी

प्रश्न 4. शाला शुल्क मुक्ति के लिए आर्थिक कारणों का उल्लेख करते हुए अपने प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए ।

अथवा

अनियमित डाक-वितरण के संबंध में अधीक्षक डाक-तार विभाग को एक शिकायती पत्र लिखिए ।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए -

1) इंटरनेट पत्रकारिता से क्या आशय है ? 1
2) जनसंचार अन्य संचारों की तुलना में किस कारण से महत्वपूर्ण है ? 1
3) रेडियो संचार माध्यम की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । 1
4) समाचार क्या है ? 1

प्रश्न 6. कवि का स्त्री के लिए पैर की जूती शब्द के प्रयोग से क्या आशय है ? 2

प्रश्न 7. रैदास कवि ने चंदन किसे कहा है और क्यों ? 2

प्रश्न 8. निम्न काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 6

हे-भूख ! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद ! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह ! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
हे मद ! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जल मत

ओ चराचर ! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का ।

प्रश्न 1) कवयित्री किसके लिए किसका संदेश लाई है ?

2) कवयित्री स्वयं को कष्ट क्यों देना चाहती है ?

3) कवयित्री का समर्पण किसके लिए है और क्यों ?

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 6

पंडित अलोपीदीन ने हँसकर कहा–हम सरकारी हुक्म को नहीं जानते और न सरकार को । हमारे सरकार तो आप ही है । हमारा और आपका तो घर का मामला है, हम कभी आपसे बाहर हो सकते हैं ? आपने व्यर्थ का कष्ट उठाया । यह हो नहीं सकता कि इधर से जाएँ और इस घाट के देवता को भेंट न चढ़ावें । मैं तो आपकी सेवा में स्वयं ही आ रहा था । वंशीधर पर ऐश्वर्य की मोहिनी वंशी को कुछ प्रभाव न पड़ा ।

प्रश्न 1) पंडित अलोपीदीन ने ऐसा क्यों कहा कि हम सरकारी हुक्म और सरकार को नहीं जानते ?

2) हमारे सरकार तो आप ही है । हमारा और आपका तो घर का मामला है, इसमें क्या भाव निहित है ?

3) मैं तो आपकी सेवा में स्वयं ही आ रहा था, यहाँ सेवा से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 10. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×2 = 6

1) इस पाठ का नाम बेजुबान कितना उचित है ? अपने विचार लिखिए ।

2) कुंई को संकरा और उसके मुँह को छोटा क्यों रखा जाता है ?

3) लता की गायिकी से संगीत के प्रति आम लोगों की सोच में क्या परिवर्तन आया है ?

प्रश्न 11. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×3 = 9

1) कवि को उन आँखों से डर क्यों लगता है ?

2) बेबी हालदार ने अपने जीवन–संघर्ष के बारे में कैसे लिखना प्रारंभ किया ?

3) बंशीधर की किन्हीं तीन चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4) रजनी के चरित्र की कोई तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए ।

प्रश्न 12. भारत माता के प्रति नेहरुजी की क्या अवधारणा थी ? 4

प्रश्न 13. पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ? 4

प्रश्न 14. समाज में नारी का सम्मान पंतजी कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 4

प्रश्न 15. रजा को एक दिन किस समस्या का सामना करना पड़ा, जब वह टैक्सी ड्राइवर के कमरे पर रात साढ़े नौ बजे पहुँचा, जहाँ वह रात में सोने के लिए जाता था । 4

अथवा

गुरुघासीदास के उपदेशों की क्या विशेषता है ?